बिहार के बांका जिले में पेट्रोल पम्प खोला जाना

1199. **श्री जनार्दन यादवः** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि बिहार के बांका जिले में पेट्रोल पम्प खोले जाने के संबंध में वर्ष 1995-96 में एक विज्ञापन दिया गया था;

(ख) क्या यह सच है कि उस क्षेत्र के लोगों ने भी पेट्रोल पम्प के स्वामित्व हेतु आवेदन पत्र दिये हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि बांका जिले में पहले से ही दो पेट्रोल पम्प कई वर्षों से बंद पड़े हैं;

(घ) यदि हां, तो नए पेट्रोल पम्प खोलने की अनुमति विभाग द्वारा कब दी जायेगी; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी॰आर॰ बालू): (क) और (ख) जी, हां।

(ग) तेल कंपनियों ने रिपोर्ट भेजी है कि बिहार के बांका जिले में उनका कोई भी खुदरा बिक्री केन्द्र बंद नहीं किया गया है।

(घ) और (ङ) प्रश्न नहीं उठता।

Crude Oil Production In N.E

1200. SHRI JIBON ROY:
SHRI DIPANKAR MUKHERJEE:

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) the major steps taken by Government to boost up crude oil production in the North-East Region;

(b) whether geological/seismic surveys and exploratory trials have indicated substantial crude oil reserve in the North Bank of the river Brahmaputra; and

(c) if so, the steps taken by Government for oil development of wells to enhance crude oil production in this region?

65/LSPMR/97-6

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI T.R. BAALU): (a) Measures taken by the Government to boost Crude Oil Production in the North Eastern region are:

1. Implementation of new technologies like drain hole drilling, latest lift systems and stimulation techniques.
2. Enhancement of water injection capacity for reservoir pressure maintenance.
3. Repair of producing wells and revival of non-flowing oil wells.
4. 3-D seismic for better reservoir delineation.
5. Installation of artificial lift.
6. Sand control/water shutoff jobs.
7. Early production System and connected pipelines in new fileds.
8. Seeking foreign consultancy for field specific problems.

(b) and (c) Few prospective locations have been identified for the first phase of the exploratory drilling on the basis of the seismic survey data acquired. First exploratory well is currently being drilled. The presence of hydrocarbons and the plans for its exploitation would depend on the results of exploratory drilling.

रसोई-गैस की कीमत में वृद्धि

1201. **श्रीमती मालती शर्मा:**
प्रो॰ राम बख्श सिंह वर्मा:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान देश में रसोई-गैस की कीमत में भारी वृद्धि की गई है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार रसोई गैस की कीमत को नियंत्रित करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी० आर० बालू): (क) और (ख) वर्ष 1994-95 से 1996-97 तक के वर्षों के दौरान के डिब्बा बन्द घरेलू एल पी जी का भंडारण स्थल पर मूल्य 5309.19 रुपए प्रति एम टी से बढ़ाकर 6901.95 प्रति एम टी कर दिया गया और यह 3 जुलाई, 1996 से प्रभावी था। मूल्य में वृद्धि तेल पूल लेखे के घाटे को काबू करने के लिए की गई थी।

(ग) और (घ) सरकार ने प्रशासित मूल्य निर्धारण व्यवस्था को चरणों में समाप्त करने का निर्णय लिया है। एल पी जी (डिब्बाबंद घरेलू) के मूल्य में उपयुक्त समायोजन किया जाएगा ताकि वर्ष 2000-01 तक राजसहायता स्तर आयात समता मूल्य के 15 प्रतिशत पर पहुंच जाए।

रसोई गैस मूल्यों में और वृद्धि

1202. **श्री रामगोपाल यादव:**
श्री ईश दत्त यादव:

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रसोई गैस मूल्यों में और वृद्धि करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और क्या कोई ऐसी निर्धारित सीमा है जिसके आगे रसोई गैस मूल्यों में वृद्धि नहीं की जायेगी; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी० आर० बालू): (क) से (ग) एल पी जी (डिब्बा बंद घरेलू) के मूल्य में 2.9.97 से 15 रुपए प्रति सिलेंडर की वृद्धि की गई। 1997-98 के दौरान एल पी जी पर राजसहायता 68.53 रुपए प्रति सिलेंडर होने का अनुमान है। सरकार ने पेट्रोलियम क्षेत्र में चरणों में प्रशासित मूल्य निर्धारण व्यवस्था को समाप्त करने का निर्णय लिया है। सरकार ने यह निर्णय भी लिया है कि एल पी जी पर राजसहायता चरणों में कम की जाएगी। एल पी जी (डिब्बा बंद घरेलू) के मूल्य में उचित समायोजन किया जाएगा ताकि 2000-01 तक आयात समता मूल्य के 15 प्रतिशत पर राजसहायता स्तर तक पहुंचा जा सके।

Price of Diesel at Par with Import Price

1203. SHRI S.M. KRISHNA:
SHRI IQBAL SINGH:

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) the existing policy of Government about diesel prices vis-a-vis international oil price;

(b) whether the Cabinet has asked his Ministry to work out the mechanism on bringing the price of diesel at par with import price;

(c) if so, what is the progress of the review, if any, undertaken including the response of the Ministry of Finance thereto; and

(d) what is the status of oil Pool account as on date and how far it reacted following recent hike in petroleum products' prices?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI T.R. BAALU): (a) to (c) The Government on 1.9.97 have decided that pricing of HSD would be on import parity basis. The price of HSD has accordingly been revised effective 7.11.97.

(d) The cumulative outstanding of the oil companies from the oil pool account was estimated to be around Rs. 18,200 crore as on 30.6.97. The Government have decided that the liabilities of OCC to the oil companies outstanding as on 30.6.97 shall be cleared by the Government by making payments to the oil companies which in turn, will simultaneously invest the money so received from the Government in Special Government Bonds.